एक्शन आम नागरिकों को ठगी से बचाने की बड़ी पहल, अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम का सख्त एक्शन

कजरवारा में 1 .4 हेक्टेयर भूमि पर अवैध निर्माण ध्वस्त

नवभारत, जबलपुर। शहर के सुनियोजित विकास और आम नागरिकों को अवैध प्लाटिंग की धोखाधड़ी से सुरक्षित रखने के लिए नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है।

नगर निगम की कॉलोनी सेल और अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने पुलिस बल की मौजूदगी में कजरवारा क्षेत्र में विकसित की जा रही एक बड़ी अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई करते हुए अनधिकृत निर्माणों को हटा दिया। इस संबंध में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि वार्ड क्रमांक 66 रानी लक्ष्मीबाई वार्ड, कजरवारा, उमरिया रोड, जबलपुर, मौजा ग्राम कजरवारा, खसरा नंबर 298 कुल रकबा 1.4000 हेक्टेयर है। अवैध कॉलोनाइजरों द्वारा बिना अनुमति जमीन बेचने से आम खरीदारों की गाढ़ी कमाई फंसने का खतरा रहता है। इस त्वरित कार्रवाई से कई निर्दोष नागरिक धोखाधड़ी का शिकार होने से बचेंगे। बिना मूलभूत सुविधाओं जैसे सीवरेज, पानी, चैड़ी सड़कें और बिजली के बसने वाली बस्तियों पर रोक लगने से शहर के मास्टर प्लान और आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलती है। इस कदम से बिना वैध अनुमति व रेरा नियमों का उल्लंघन कर प्लाटिंग करने वालों पर कड़ा अंकुश लगेगा। प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि किसी भी कॉलोनी में भूखंड खरीदने से पूर्व नगर निगम और सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृत ले-आउट व जरूरी अनुमतियों की जांच अवश्य करें।

ट्रांसपोर्ट नगर के 572 भूखंड आवंटियों को बड़ी राहत

समस्याओं के समाधान के लिये लगेगा शिविर

नगर निगम ने ट्रांसपोर्ट नगर चंडालभाटा, ग्राम मढ़ोताल के भूखंड आवंटियों के हित में एक सराहनीय और जनहितैषी कदम उठाया है। निगम द्वारा आवंटित 572 भूखंडों से संबंधित लंबित आवेदनों और समस्याओं के त्वरित व पारदर्शी समाधान के लिए ट्रांसपोर्ट नगर में ही एक सप्ताह का विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नगर निगम प्रशासन ने विशेष 6 सदस्यों का दल का गठन किया है, जिसमें संभागीय यंत्री प्रदीप मरावी,, कर संग्रहिता धनेंद्र पेड्रांम, उपयंत्री प्रिसिंस भालाधरे, मेघा सोनी, सहायक ग्रेड तृतीय मुकेश मर्सकोले, एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर रामचरण अहिरवार के नाम शामिल हैं। योजना के प्रथम चरण में 9 और 10 सितंबर 2026 को ले-आउट के अनुसार सभी भूखंडों पर नंबरिंग का कार्य पूरा किया जाएगा। इसके पश्चात, 11 सितंबर से 18 सितंबर 2026 तक प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक विशेष समाधान शिविर चलेगा। आवंटियों की सुविधा और कार्य की निगरानी के लिए अमरपाल सिंग गिल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, ताकि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी आवेदनों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। निगम की इस पहल से आवंटियों को कार्यालयों के चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी और उनके प्रकरणों का समाधान पारदर्शी ढंग से एक ही स्थान पर हो सकेगा।

नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला समेत कटनी में छापेमारी

मूर्ति खंडित कर चोरी करने वालों की तलाश में 7 टीमें, हाथ खाली

जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत कलचुरी कालीन ऐतिहासिक माता महालक्ष्मी धाम पचमठा मंदिर में माता महालक्ष्मी की मूर्ति खंडित कर चोरी की वारदात को अंजाम देने अब भी पुलिस गिरफ्त से दूर है। हालांकि आरोपियों की तलाश में गठित की गई थाना पुलिस, क्राइम ब्रांच, साइबर सेल समेत सात टीमें छानबीन कर रही है । इसके अलावा टीमों ने नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला, कटनी समेनी संभावित ठिकानों पर छापेमारी भी की है। लेकिन अब तक पुलिस के हाथ खाली है ।

विदित हो कि अधारताल थाना अंतर्गत जवाहर नगर में प्राचीन लक्ष्मी माता मंदिर है। गत दिवस चोरों ने मंदिर का ताला तोडक़र प्रवेश किया बल्कि दान पेटी का ताला चटकाकर चढ़ावे की नगदी सहित माता रानी के जेवर पार कर दिए थे। मंदिर में स्थापित मां महालक्ष्मी की कल्चुरी कालीन

प्रतिमा भी खंडित की गई थी। चोर सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गए थे। वारदात के बाद से श्रद्धालुओं में आक्रोश है। सोमवार को अधारताल बंद रहा । श्रद्धालु एवं नागरिकों ने मौन जुलूस भी निकाला काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया था । प्रशासन से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। व्यापारी संघ की ओर से अपराधियों की जानकारी देने अथवा उन्हें पकड़वाने में मदद करने वाले व्यक्ति को 50 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा भी की है। मंदिर चोरी की घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक आंदोलन जारी है पुलिस टीमें भी संभावित ठिकानों पर तलाश कर रही है लेकिन पुलिस के हाथ खाली है।

एसपी खुद करें वारदात स्थल का निरीक्षण

इस मामले को लेकर आम आदमी पार्टी ने भी मोर्चा खोल दिया है। पार्टी के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। आप नेताओं का कहना है कि धार्मिक आस्था के इतने प्रमुख केंद्र पर ऐसा कृत्य न केवल निंदनीय है, बल्कि यह शहर की कानून-व्यवस्था और सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। इस घटना से स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश और असुरक्षा का माहौल है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक खुद पचमठा मंदिर का दौरा करें और स्थिति का जायजा लें। मामले की निष्पक्ष व वैज्ञानिक जांच की जाए और घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात असामाजिक तत्वों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए।

सूने मकान से 3 लाख कैश और लाखों के जेवरात चोरी

बीमार रिश्तेदार को देखने सागर गया था परिवार

जबलपुर। माढ़ोताल थाना अंतर्गत स्टार सिटी में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों की बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित परिवार अपनी बीमार भाभी को देखने सागर गया हुआ था, इसी बीच सूने मकान का फायदा उठाकर अज्ञात चोर ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी के लॉकर में रखे 3 लाख रुपये नगद समेत भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात समेट ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।पुलिस के मुताबिक, जितेन्द्र सिंह बैस (35) माढ़ोताल के स्टार सिटी फेस 4, गली नंबर 4 में किराए के मकान में रहते हैं। बीती 5 सितंबर को जितेन्द्र को सूचना मिली कि सागर में रहने वाली उनकी भाभी प्रतिमा का स्वास्थ्य काफी खराब है। खबर मिलते ही जितेन्द्र अपने परिवार सहित मकान में ताला लगाकर तुरंत सागर के लिए रवाना हो गए। जब जितेन्द्र अपने परिवार के साथ वापस जबलपुर लौट रहे थे, तभी रास्ते में उनकी मकान मालकिन प्रतिभा पटेल ने उन्हें फोन किया। मालकिन ने बताया कि उनके कमरे के मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। यह सुनते ही पीड़ित परिवार के होश उड़ गए और वे आनन-फानन में घर पहुंचे। जितेन्द्र ने घर के भीतर जाकर देखा तो मेन गेट के साथ-साथ अंदर के कमरों के दरवाजे के ताले भी टूटे हुए थे। कमरों में रखी अलमारियों के लॉकर कटर या किसी भारी औजार से काटे गए थे। चोरों ने अलमारी में रखे उनकी पत्नी गरिमा चौहान के सोने-चांदी के कीमती जेवरात साफ कर दिए थे। अलमारी में रखे 3,00,000 रुपये नगद भी ले गए।पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। पुलिस की टीम घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

नाले में उतराता मिला लापता युवक का शव

जबलपुर। बरगी थाना अंतर्गत बोढा नाला देवरी में मंगलवार को एक लापता युवक का शव उतराता मिला। मृतक ने आत्महत्या की है या वह किसी हादसे का शिकार हुआ इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक छोटू बर्मन 25 वर्ष निवासी देवरी बरगी ने बताया कि उसका बडा भाई राजू बर्मन 40 वर्ष घर से खेत घूमने के लिये कहकर निकला था जो घर वापिस नहीं आये तलाश पतासाजी के दौरान सोमवार को बोढा नाला के पास पानी में राजू बर्मन का शव पानी में उतराता मिला। भाई की मौत बोढा नाला के पानी में डूबने से हुई है पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

मूर्तिकार हत्याकांड : दिल्ली से बैरंग लौटी पुलिस

जबलपुर । हनुमानताल थाना अंतर्गत भानतलैया में शुक्रवार की रात हुई मूर्तिकार की हत्या के मामले में आरोपियों की तलाश में दिल्ली गई पुलिस की एक टीम बैरंग वापिस लौट गई है। हालांकि संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी जारी है।

हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए क्राइम ब्रांच के साथ थाना पुलिस की टीम लगी है परंतु पुलिस के हाथ अब तक ऐसा कोई सुराग नहीं लगा है जिसके सहारे पुलिस आरोपियों तक पहुंच सके हालांकि पुलिस का दावा है कि अहम क्लू हाथ लगे है जिस पर तफ्तीश चल रही है। विदित हो

कि बड़ी खेरमाई हनुमानताल निवासी मनोज उर्फ बाबा सोनकर 50 वर्ष का मथुरा सेठ की बाड़ी में मूर्ति बनाने का काम करता था। शुक्रवार रात लगभग 11-30 बजे वह मूर्ति बना रहा था तभी वहां पर गाड़ी में रोहित मराठा एवं चिन्टू उर्फ भरत यादव पहुंचे और पुरानी रंजिश पर विवाद शुरू कर दिया था। चिन्टू उर्फ भरत यादव ने रोहित से कहा कि आज बाबा को जान से खत्म कर दो तो रोहित ने अपने पास से पिस्टल निकालकर मनोज उर्फ बाबा सोनकर पर फायर कर दिया था। गोली बाबा के गर्दन में पीछे तरफ लगी थी।

जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि मृतक मनोज के बेटों ने 31 जुलाई, 2021 को रोहित मराठा के भाई बिट्टू की चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। इस मामले में दोनों भाई आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे है। वारदात के बाद से आरोपितों अनिकेत एवं छोटू से शुभम मराठा रंजिश रखने लगा था। भाई की मौत का बदला उसने अनिकेत एवं छोटू के पिता की हत्या करके लिया है । पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मामले की गुत्थी सुलझाने पुलिस की कई टीमें लगी हुई है। एक टीम दिल्ली तक पहुंची । संभावित ठिकानों पर छापेमारी की लेकिन पुलिस के हाथ खाली रहे जिसके बाद पुलिस की टीम वापिस लौट आई। हालांकि अन्य संभावित ठिकानों पर तलाश जारी है।

एक नजर में

चारखंभा में मिला नवजात का शव

जबलपुर। हनुमानताल थाना अंतर्गत चारखंभा में आज सड़क किनारे एक करीब 5 महीने के नवजात शिशु का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, हड्डी गोदाम निवासी मोहम्मद अमजद (51) चारखंभा चौक पर पान की दुकान चलाते हैं। जब वह दुकान पर लौटे, तो उन्होंने देखा कि उनकी दुकान के ठीक बाजू में सड़क के किनारे एक नवजात शिशु पड़ा हुआ था। जब पास जाकर देखा गया, तो मासूम की सांसें थम चुकी थीं और उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कौन इस मासूम को यहाँ फेंक कर भागा है। इसके साथ ही, चारखंभा और आस-पास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी का सुराग लगाया जा सके। पुलिस ने अस्पतालों और प्रसूति केंद्रों से भी हाल ही में जन्मे बच्चों का रिकॉर्ड जुटाना शुरू कर दिया है।

टेलीग्राम ट्रेडिंग के नाम पर ऐंठे 1 .77 लाख

जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत न्यू कंचनपुर में वर्क फॉम होम और ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर शातिर ठगों ने जाल में फंसा और टेलीग्राम ग्रुप के जरिए घर बैठे मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर 1 लाख 77 हजार 700 रुपये की चपत लगा दी गई। पुलिस के मुताबिक, न्यू कंचनपुर की रहने वाली मिताली यादव (27) एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करती हैं। उनका सैलरी अकाउंट एसबीआई सब्जी मंडी, अधारताल में है। कुछ समय पहले मिताली टेलीग्राम ऐप पर एक ऑनलाइन ट्रेडिंग ग्रुप में शामिल हुई थीं। शुरुआत में शातिर ठगों ने उन्हें कम रकम इन्वेस्ट करने को कहा और बदले में अच्छा-खासा प्रॉफिट उनके खाते में भेजा। इस शुरुआती मुनाफे को देखकर मिताली जालसाजों के बिछाए जाल में फंस गईं और उनका भरोसा जीत लिया गया। जब युवती को पूरी तरह विश्वास में ले लिया गया, तो ठगों ने बड़े इन्वेस्टमेंट पर बंपर रिटर्न का झांसा दिया।

फरियादी को एएसआई ने कहा, थक गई हूं, बाद में आना

जबलपुर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शिकायत शाखा में तैनात महिला पुलिसकर्मी ने फरियादी से कहा थक गई हूं, बाद में आना। फरियादी पुलिस अधिकारी के सामने हाथ जोड़कर अपनी शिकायत सुनने की मिन्नतें की लेकिन महिला पुलिस अधिकारी ने एक नहीं सुनी। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिसके बाद महिला पुलिस अधिकारी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है ।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत लेकर



पहुंचे एक फरियादी को पहले एक पुलिस अधिकारी के पास भेजा गया, जहां से शिकायत शाखा में भेजा गया जहां ड्यूटी में महिला पुलिसकर्मी एएसआई रश्मि पराशर मिली। फरियादी अधिकारी के सामने गिड़गिड़ाते हुए कहा कि मैडम, हम बहुत दूर से आए हैं। हमारी थोड़ी सी समस्या सुन लीजिए, बस दो सेकंड का काम है मैडम! फरियादी की इस अपील पर वहां कुर्सी पर बैठी महिला पुलिसकर्मी का दिल नहीं पिघला। उन्होंने बेहद संवेदनहीन रवैया अपनाते हुए दो टूक कह दिया बाद में आना। महिला अधिकारी ने तर्क दिया कि वह अभी-अभी एक लंबी मीटिंग से लौटकर आई हैं और बहुत ज्यादा थक चुकी हैं, इसलिए उन्हें कुछ देर आराम करना है। महिला अधिकारी ने कहा 10 मिनट तक आराम किया और पानी पीने की बात कही। महिला पुलिसकर्मी एएसआई रश्मि पराशर का हाल ही में शिकायत शाखा में तबादला हुआ था। इस पूरे मामले पर सीएसपी भगत सिंह गोठरिया ने बताया कि महिला पुलिसकर्मी को तलब किया गया था। महिला को केवल 5 मिनट इंतजार करने के लिए कहा गया था और बाद में उसकी शिकायत ले ली गई थी। एएसआई रश्मि पराशर से आधिकारिक स्पष्टीकरण मांगा गया है। उनका जवाब आने के बाद उनके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

ईंट से वार, युवक घायल

जबलपुर। बेलबाग थाना अंतर्गत घमापुर चौक में शराब पीने के लिए रूपए की मांग पूरी न होने पर बदमाश ने युवक पर ईंट से हमला कर चोट पहुंचा दी। पुलिस के मुताबिक लोकेन्द्र रजक 33 वर्ष निवासी छोटी ओमती खलासी लाईन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने घर से घमापुर चौक जा रहा था। अनुज पटेल मिला जो उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, रूपये देने से मना करने पर अनुज पटेल ने ईंट के टुकड़े से उसके सिर में मारकर चोट पहुंचा ।

समय-सीमा में पूरे करें कार्य : निगमायुक्त

विकास और जन-कल्याणकारी कार्यों की हुई समीक्षा

नवभारत, जबलपुर । नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार द्वारा निगम मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में समस्त विभागीय प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई।बैठक के दौरान निगमायुक्त द्वारा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं महत्वपूर्ण विभागों के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई,

जिसमें पीएम स्वनिधि एवं 'संबल योजना' के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभान्वित करने तथा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के शत-प्रतिशत त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए।इस दौरान निगमायुक्त ने लोककर्म उद्यान एवं कॉलोनी सेल के अंतर्गत जारी निर्माण एवं सुंदरीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया गया कि सभी परियोजनाएं उच्च गुणवत्ता मानक के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण की जाए। स्वास्थ्य, लीज एवं राजस्व विभाग के समीक्षा के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और राजस्व संग्रहण में तेजी लाने हेतु आवश्यक दिशानिर्देश भी निगमायुक्त द्वारा दिए गए।

स्टेशन पर यात्रियों से विवाद, तीन किन्नरों पर कार्रवाई

जबलपुर। रेलवे स्टेशन जबलपुर के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर यात्रियों से अभद्रता, गाली-गलौज और विवाद कर शांति भंग करने की स्थिति पैदा करने वाले तीन किन्नरों के खिलाफ जीआरपी पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार तीनों आने-जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों के साथ विवाद कर रहे थे। मौके पर पहुंची जीआरपी टीम ने उन्हें समझाइश देकर स्थिति शांत कराने का प्रयास किया,

लेकिन वे अपनी हरकतों से बाज नहीं आए और विवाद की स्थिति बनी रही।शांति व्यवस्था बनाए रखने और संज्ञेय अपराध की स्थिति रोकने के उद्देश्य से पुलिस ने बबली किन्नर गुरु रेशम खान (45), कुसुम कुमारी गुरु रेशम खान (25) और मनू किन्नर गुरु रेशमा खान (20), सभी निवासी इटारसी, जिला नर्मदापुरम, को गिरफ्तार किया। तीनों के विरुद्ध धारा 170, 126(बी) और 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए इस्तगासा तैयार कर एसडीएम रांझी, जबलपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

बिछुआ टोला पहाड़ी में युवक को ट्रैक्टर ने रौंदा, मौत

जबलपुर। पनागर थाना अंतर्गत छत्तरपुर बिछुआ टोला पहाड़ी में ट्रैक्टर ने पैदल जा रहे युवक को रौंद दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल को तत्काल उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पनागर ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया । वहीं ट्रैक्टर चालक घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया था । पुलिस के मुताबिक रवि शंकर सेन 45 वर्ष निवासी ग्राम बिछुआ छत्तरपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मंगलवार दोपहर 11-30 बजे उसका छोटा भाई भगवानदास सेने 22 वर्ष सैलून का काम कर ग्राम छत्तरपुर से ग्राम बिछुआ पैदल जा रहा था, भटिया के पास ट्रैक्टर चालक द्वारा तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये उसके भाई को टक्कर मार दी जिससे भाई के पेटी सीने व चेहरे में चोट आ गयी, जिसे शासकीय अस्पताल लेकर आये जहॉ डाक्टर ने चैक कर भाई भगवानदास सेन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

सुझाव रिजर्व बैंक से बायोमेट्रिक चेहरा पहचानने जैसी तकनीक पर विचार करने भी कहा

साइबर ठगी की रकम निकालने वालों की पहचान के लिए हाईकोर्ट सख्त

जबलपुर। हाईकोर्ट ने साइबर ठगी की रकम को म्यूल अथवा किराये पर उपलब्ध कराए गए बैंक खातों के जरिए इधर-उधर करने और बाद में एटीएम से नकद निकालने के मामलों पर गंभीर चिंता जताई है। न्यायमूर्ति हिमांशु जोशी की एकलपीठ ने रिजर्व बैंक आफ इंडिया से विचार करने को कहा है कि बड़ी या संदिग्ध रकम एटीएम से निकालते समय रकम निकालने वाले व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त प्रमाणीकरण की व्यवस्था की जा सकती है या नहीं। इसके लिए बायोमेट्रिक, चेहरा पहचानने जैसी तकनीक अथवा अन्य विश्वसनीय पहचान माध्यमों के उपयोग पर विचार करने का सुझाव दिया गया है। राज्य की ओर से शासकीय अधिवक्ता वीएस चौधरी व प्रियंका मिश्रा ने पक्ष रखा। जबलपुर निवासी चैताली मित्रा की याचिका पर सुनवाई के दौरान जांच अधिकारी ने बताया कि मामले में अब तक पांच आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इन पर साइबर ठगी से जुड़ी रकम के लेन-देन के लिए अपने बैंक खाते किराये पर उपलब्ध कराने का आरोप है। जांच एजेंसी मुख्य आरोपित तक पहुंचने के करीब है और जांच पूरी करने के लिए समय मांगा गया है। कोर्ट ने कहा कि साइबर ठगी की रकम कई खातों से गुजरने के बाद म्यूल अकाउंट तक पहुंचती है और एटीएम से नकद निकाल ली जाती है। इसके बाद मनी ट्रेल कमजोर पड़ जाती है और जांच एजेंसी के पास कई बार सीसीटीवी फुटेज ही सीमित साक्ष्य बचता है। कोर्ट ने यह भी विचार करने को कहा कि यदि खाताधारक किसी दूसरे व्यक्ति को रकम निकालने की अनुमति देता है तो उसका डिजिटल अथवा दस्तावेजी रिकार्ड और अतिरिक्त प्रमाणीकरण संभव है या नहीं। जांच अधिकारियों ने बताया कि मुख्य आरोपित टेलीग्राम के जरिए लोगों से संपर्क कर बैंक खाते किराये पर लेते थे। मामले की अगली सुनवाई पांच अक्टूबर 2026 को होगी।

अधिवक्ता पर दुष्कर्म के आरोपों की जारी रहेगी जांच

हाईकोर्ट ने रीवा के एक अधिवक्ता के खिलाफ दर्ज दुष्कर्म और अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम से जुड़े मामले में प्राथमिकी रद करने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति हिमांशु जोशी की एकलपीठ ने कहा कि आरोप गंभीर हैं और जांच अभी प्रारंभिक स्तर पर है। ऐसे में पुलिस जांच में हस्तक्षेप उचित नहीं होगा। मामला रीवा के चोरहटा थाना क्षेत्र का है। शिकायतकर्ता ने अधिवक्ता पर शादी का झांसा या दबाव बनाकर कई बार शारीरिक संबंध बनाने तथा गर्भधारण के बाद दवाइयां देकर गर्भपात कराने के आरोप लगाए हैं। अधिवक्ता ने प्राथमिकी को दुर्भावनापूर्ण बताते हुए हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि वह पहले महिला के एक पारिवारिक विवाद में उसका अधिवक्ता था और बाद में अनापत्ति प्रमाणपत्र देकर प्रकरण से अलग हो गया। इसी से नाराज होकर झूठी शिकायत दर्ज कराई गई। कोर्ट ने कहा कि केवल पूर्व के अधिवक्ता मुवक्किल संबंध के आधार पर गंभीर आरोपों को झूठा नहीं माना जा सकता। पीड़िता के बयान और चिकित्सकीय परीक्षण को देखते हुए कोर्ट ने निष्पक्ष जांच आवश्यक बताई। रीवा जोन के आइजी द्वारा मनगवां की एसडीओपी प्रतिमा शर्मा को जांच अधिकारी नियुक्त किया जा चुका है। सभी साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच के निर्देश देते हुए याचिका निरस्त कर दी गई।

बेतहाशा बिजली बिल और बार-बार कटौती से नाराज कांग्रेस

विद्युत अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। रांझी क्षेत्र में लगातार बढ़ रही विद्युत समस्याओं को लेकर मंडलम रांझी-खमरिया ब्लॉक कांग्रेस ने मंडलम अध्यक्ष राजू कनौजिया के नेतृत्व में विद्युत मंडल रांझी के एमपीवी कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में बेतहाशा बिजली बिल, बार-बार बिजली गुल होने, खराब मीटरों को समय पर नहीं बदले जाने तथा स्मार्ट मीटर लगवाने के लिए उपभोक्ताओं पर बनाए जा रहे दबाव का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने गलत एवं अधिक बिलों की निष्पक्ष जांच कर तत्काल सुधार करने और खराब मीटरों को शीघ्र बदलने की मांग की। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि बिजली से

जुड़ी समस्याओं के कारण आम उपभोक्ताओं को आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

किया जाएगा आंदोलन

ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष वत्स एवं अन्य कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि विद्युत समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो जनहित में आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर अध्यक्ष सौरभ नटी शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष वत्स, महासचिव रवींद्र कुशवाहा, मंडलम अध्यक्ष राजू कनौजिया, पूर्व पार्षद राजेश यादव, जग्गू विश्वकर्मा, नेम सिंह, राजेंद्र मिश्रा, निर्मल चंद जैन, जगतमणि चतुर्वेदी, मनीष बेन, जमुना प्रसाद, आलोक भट्ट, नारायण गुप्ता, हुकुम जैन, देवेंद्र लखेरा, मनोज लोधी, राजा राने, गोविंद चौधरी, सोनू गुप्ता, दुर्गेश कुशवाहा, विजय तिवारी, अनिल सोनकर, अखिल तिवारी, मोहन सिंह मुखर्जी दादा, रतन यादव, सुनील कुशवाहा, राज चौधरी, मीना स्वामी, अनुपम विश्वकर्मा, नीतू कुशवाहा, पिंकी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।